भारत - ग्रीक संबंध

भारत और ग्रीक ने मई, 1950 में राजनयिक संबंधों की स्थापना की। भारत ने मार्च, 1978 में एथेंस में अपना रेजीडेंट मिशन खोला। भारत और ग्रीक के बीच संबंध प्राचीन काल से चले आ रहे हैं। आधुनिक काल में, दोनों देशों ने विश्व में लोकतंत्र, शांति एवं विकास के लिए अपनी साझी प्रतिबद्धता तथा न्याय एवं समानता के सिद्धांतों पर आधारित सामाजिक व्यवस्था की स्थापना के आधार पर अपने गर्मजोशीपूर्ण संबंधों को विकसित किया है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों जैसे कि संयुक्त राष्ट्र सुधार एवं साइप्रस पर भारत और ग्रीक के दृष्टिकोणों में भी समानताएं हैं। ग्रीक ने भारत की विदेश नीति के प्रमुख उद्देश्यों का निरंतर समर्थन किया है।

तीन भारतीय कंपनियों के ग्रीक में साझेदार थे तथा ग्रीक की 15 कंपनियां भारत में प्रचालन कर रही हैं। परंतु एक दूसरे के देश में निवेश उल्लेखनीय नहीं है। तथापि 2014 से ग्रीक की अनेक कंपनियों ने भारत में कारोबार करने में रुचि का प्रदर्शन किया है जिसमें ओलिव ऑयल एवं ओलिव, फलों एवं फ्रूट जूस, उपभोक्ता माल, निर्माण एवं एल्युमिनियम उत्पादों का ग्रीक से भारत में निर्यात तथा लघु निवेश शामिल हैं। आई टी पी ओ तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की सहायता से अनेक भारतीय उद्यमियों ने नियमित रूप से उत्तरी ग्रीक में हर साल आयोजित थेसालोनिकी अंतर्राष्ट्रीय फेयर में भाग लिया है।

द्विपक्षीय व्यापार :

(सभी आंकड़े मिलियन अमरीकी डालर में हैं)

वर्ष	भारत का निर्यात	भारत का आयात	कुल व्यापार
2009-10	452.80	154.13	606.93
2010-11	364.88	93.39	428.27
2011-12	790.06	110.95	901.01
2012-13	300.13	111.87	424.64
2013-14	335.14	109.44	444.58
2014-15	360.84	127.75	488.59

(स्रोत : आयात - निर्यात डाटाबेस, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार)

भारत ग्रीक से जिन वस्तुओं का आयात करता है उनमें मुख्य रूप से कॉटन, स्क्रैप (अधिकांशत: एल्युमिनियम, फेरस, कॉपर एवं लीड), मार्बल एवं ग्रेनाइट, एल्युमिनियम, फॉयल, कैल्शियम कार्बोनेट, ग्रीसीवूल शामिल हैं। भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं में पेट्रोलियम उत्पाद (जेट ईंधन), आटोमोबाइल कंपोनेंट तथा आटोमोबाइल (कार एवं एस यू वी), फ्लैट रोल्ड स्टीम आइटम, तिल के बीज, इलेक्ट्रिकल ट्रांसफार्मर, फ्रोजन फिश एवं स्किविड, काजू, कॉफी, सोयाबीन ऑयलकेक तथा न्यूक्लेइक एसिड शामिल हैं।

भारतीय समुदाय

ग्रीक में लगभग 10000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें से अधिकांशत: वर्क / स्टे परमिट पर हैं; तथा कुछ समुचित दस्तावेज के बगैर हैं। उनमें से अधिकांश अर्ध साक्षर हैं तथा पंजाब और हरियाणा से गए

हैं। अधिकांश भारतीय मजदूर फार्म, फैक्ट्री या निर्माण साइटों पर काम करते हैं या छोटे मोटे दुकानदार हैं। कुछ भारतीय प्रोफेशनल मल्टी नेशनल कंपनियों में काम करते हैं या अपनी स्वयं की कंपनियां स्थापित की है।

संस्कृति

पिछले सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम (सी ई पी) का कार्यकाल समाप्त हो गया है तथा दोनों देशों द्वारा नए प्रारूप सी ई पी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कोलकाता और वाराणसी में ग्रीक सेंटर हैं। एथेंस में अनेक संगठन जैसे कि इंडो - हेलेनिक सोसाइटी फॉर कल्चर एण्ड डवलपमेंट (ई एल आई एन ई पी ए), शंतोम इंडियन डांस सेंटर, आर्ट ऑफ लिविंग हेलास, ब्रह्म कुमारी सेंटर तथा अनेक योग केन्द्र काम कर रहे हैं। आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित सांस्कृतिक नृत्य / संगीत समूहों ने नियमित रूप से ग्रीक संगीत महोत्सवों / समारोहों में भाग लिया है। सुश्री स्वाती वांगनू तिवारी के नेतृत्व में एक कथक नृत्य मंडली ने 3 से 5 जुलाई 2015 के दौरान एथेंस में आयोजित तीसरे बालीवुड और बहु सांस्कृतिक नृत्य महोत्सव में भाग लिया तथा दर्शकों ने इसे बहुत सराहा।

आई सी सी आर भारत में पढ़ाई करने के लिए ग्रीक के छात्रों को हर साल एक छात्रवृत्ति की पेशकश करता है। ग्रीक के कुछ छात्र स्वयं वित्त पोषण स्कीम के तहत भी भारत में पढ़ाई कर रहे हैं।

हवाई संपर्क

ग्रीक और भारत के बीच कोई सीधा हवाई संपर्क नहीं है। दुबई, आबू धाबी, इस्तांबुल, दोहा, बहरीन, अम्मान तथा यूरोप के अन्य शहरों से होते हुए एथेंस पहुंचा जा सकता है।

उपयोगी संसाधन **:**

भारतीय दूतावास, एथेंस की वेबसाइट :
http://www.indianembassy.gr/
भारतीय दूतावास, एथेंस का फेसबुक पृष्ठ :
https://www.facebook.com/pages/Embassy-of-India-Athens
भारतीय दूतावास, एथेंस का ट्विटर अकाउंट:
https://twitter.com/Indian_Embassy Embassy of India, Athens

*****

फरवरी**, 2016**